**प्रेस नोट**

**गरिमामय सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह-**

हमीरपुर पुलिस लाइन में आज दिनांक 28.02.2025 को एक गरिमामय सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की।

समारोह में निम्नलिखित अधिकारियों को सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया:-

**1. उ0नि0 सशत्र पुलिस श्री अरबिन्द्र कुमार सिंह:-** जिन्होंने पुलिस सेवा में कई वर्षों तक अपना योगदान दिया और समाज की सुरक्षा एवं शांति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**2. उ0नि0 लिपिक मो0 जावेद अन्सारी:-** जिनकी कर्तव्यपरायणता और अनुशासन ने पुलिस विभाग में एक मिसाल कायम की और उन्होंने अपने समर्पण से विभाग को मजबूत किया वजिनके नेतृत्व और कार्यकुशलता की सराहना पूरे विभाग में की जाती है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में इन सभी अधिकारियों के योगदान की प्रशंसा की और पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों ने न केवल विभाग बल्कि समाज के प्रति भी अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है। समारोह के अंत में, सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। पुलिस लाइन हमीरपुर के प्रतिसार निरीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने भी सेवानिवृत्त अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी। सभी ने मिलकर इन अधिकारियों की सेवा और समर्पण को नमन किया।

